**2 0 1 9**

HINDI

( Major )

**( Bhasha-Vigyan )**

Paper : 6.2

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) वर्णनात्मक भाषा-विज्ञान किसे कहते हैं?

(ख) भाषा की लघुतम इकाई क्या है?

(ग) यो-हे-यो वाद के प्रतिष्ठापक कौन हैं?

(घ) वाक्य के दो अंगों के नाम लिखिए।

(ङ) प्राणत्व की दृष्टि से 'ज' किस प्रकार की ध्वनि है?

(च) नासिक्य ध्वनियों की संख्या कितनी है?

(छ) प्रयत्न के आधार पर 'क' ध्वनि का परिचय दीजिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) ध्वनि-परिवर्तन के दो प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ख) वाक्य को परिभाषित कीजिए।

(ग) किसी शब्द के अर्थ का उन्नत से अवनत होना क्या कहलाता है, सोदाहरण बताइए।

(घ) विस्मयसूचक और इच्छासूचक वाक्यों के उदाहरण दीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 3×5=15

(क) अर्थ संकोच पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) स्वर-तंत्रियों के आधार पर व्यंजन-ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(ग) शब्द और रूप का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) वाक्य-रचना में अन्वय की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "भाषा का अर्जन अनुकरण द्वारा होता है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) भाषा की उत्पत्ति-विषयक किन्हीं दो सिद्धांतों पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

**अथवा**

भाषा-विज्ञान को परिभाषित करते हुए समाज-विज्ञान और मनोविज्ञान के साथ भाषा-विज्ञान का संबंध निरूपित कीजिए।





(ख) स्वर-ध्वनि किसे कहते हैं? जीभ के भाग और मात्रा के आधारों पर स्वर-ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

**अथवा**

संबंध-तत्त्व और अर्थ-तत्त्व किन्हें कहते हैं? संबंध-तत्त्वों के कार्यों पर प्रकाश डालिए।

(ग) वाक्य किसे कहते हैं? वाक्य-रचना में परिवर्तनों के कारणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

अर्थ का आशय स्पष्ट करते हुए अर्थ-परिवर्तन के किन्हीं पाँच कारणों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

★★★